भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 875

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बरेली में एम्स

875. श्री छत्रपाल सिंह गंगवार:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) क्या सरकार का बरेली में एम्स जैसा कोई अस्पताल स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कितनी बजट राशि आबंटित किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) बरेली में मातृ मृत्यु-दर (एमएम आर) और शिशु मृत्यु-दर (आईएमआर) को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिनमें उत्तर प्रदेश में 2, रायबरेली में एक और गोरखपुर में एक एम्स शामिल हैं, जो कार्यशील हैं। पीएमएसएसवाई के वर्तमान चरण में बरेली में नए एम्स की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य हेतु स्वीकृत निधि निम्नानुसार है:

(*लाख रु. में*)

2021-22	2022-23	2023-24
1,24,665.62	42,730.00	1,71,102.14

(ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफ़डबल्यू) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (एपीआईपी) के आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल, किशोर स्वास्थ्य और पोषण (आरएमएनसीएएच+ एन) कार्यनीति के कार्यान्वयन में सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बरेली सहित पूरे देश में मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) और शिशु मृत्यु अनुपात (आईएमआर) को कम करने के लिए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (एसयूएमएएन), प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) जैसी योजनाएं लागू की जा रही है। इसके अलावा, कंगारू मदर केयर (केएमसी), लक्ष्य, नवजात और छोटे बच्चों की समुदाय आधारित देखभाल, स्टॉप डायरिया अभियान, सुविधाकेंद्र आधारित नवजात परिचर्या, मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड और सुरक्षित मातृत्व पुस्तिका आदि पहलों को भी क्रियान्वित किया गया है।

*****